

QUICK NEWS

वाह रे चोरी, गधे ही चुरा लिये

बीड. हम लोग हमेशा घरों में चोरियों, वाहन चोरी की वारदातों के बारे में ही सुनते हैं लेकिन बीड जिले के परली शहर में 124 गधों की चोरी की वारदात उजागर हुई है. इनकी कीमत लगभग 20 लाख बताई जाती है. शहर के पुलिस स्टेशन में इस आशय की रिपोर्ट दर्ज कराई गई है. लगभग 34 गधा पालने वालों ने पुलिस स्टेशन में शिकायत दर्ज करवाई है. इन सबका कहना है कि 25 से 27 अक्टूबर के बीच हमारे गधे चोरी हो गए. मोंढा मार्केट, रानी लक्ष्मीबाई टॉवर, वैद्यनाथ मंदिर परिसर और नाथ चित्र मंदिर परिसर से चोरियों की शिकायत दर्ज हुई है. ही गधे की कीमत 15,000 के लगभग है. पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है और चोरों की तलाश जारी है.

गांधी मैदान विस्फोट, कोर्ट का फैसला

4 आतंकियों को फांसी

2 को उम्र कैद

2 को 10 वर्ष व 1 को 7 वर्ष की सजा

कोर्ट ने कहा है कि अगर किसी आतंकी को इस फैसले के खिलाफ हाई कोर्ट में अपील करनी है तो वह 30 दिनों के अंदर कर ले, वरना सजा का यह आदेश कन्टीन्यू किया जाएगा.

27 अक्टूबर 2013 को पटना के गांधी मैदान में नरेंद्र मोदी की रैली होनी थी. लेकिन इससे पहले ही पटना बम धमाकों की गूंज से दहल उठा था.

पटना, एजेंसियां. पटना के गांधी मैदान में हुए सीरियल बम ब्लास्ट मामले में एनआईए कोर्ट ने 9 आतंकियों को सजा का ऐलान कर दिया है. विशेष एनआईए कोर्ट के जज गुरविंदर सिंह ने 4 आतंकियों को फांसी की सुनाई है, जबकि 2 को उम्र कैद की सजा दी गई है. 2 दोषियों को 10 वर्ष और एक को 7 वर्ष की सजा सुनाई है. तत्कालीन प्रधानमंत्री पद के उम्मीदवार नरेंद्र मोदी की हुंकार रैली में हुए बम ब्लास्ट मामले में जेल में कैद 10 में से 9 आतंकियों को बीते 27 अक्टूबर को दोषी करार दिया गया था. एनआईए कोर्ट ने नोमान अंसारी, हैदर अली उर्फ अब्दुल्लाह उर्फ ब्लैक ब्यूटी, मो. मोजिबुल्लाह अंसारी और इम्तियाज अंसारी उर्फ आलम को फांसी की सजा दी है. साथ ही उमर सिद्दीकी और अजहरुद्दीन को उम्र कैद की सजा दी है. यह सभी 6 आतंकी आईपीसी के सेक्शन 302, 120बी और यूएपीए एक्ट जैसी गंभीर धाराओं में दोषी करार दिए गए थे. एनआईए के स्पेशल सीपी ललित प्रसाद सिन्हा ने इन सभी के लिए फांसी की मांग की थी. इनके अलावा कोर्ट ने अहमद हुसैन और फिरोज आलम उर्फ पप्पू को 10 वर्ष और इफ्तिखार आलम को 7 वर्ष की सजा सुनाई है. खास बात है कि इफ्तिखार की सजा 7 वर्ष पूरी हो गई है.

'विकासशील देश जलवायु परिवर्तन से ज्यादा प्रभावित'

दिल्ली. भारत ने जलवायु परिवर्तन और पर्यावरण के मुद्दे पर विकसित देशों को फिर कठघरे में खड़ा किया. ब्रिटेन के ग्लासगो में चल रहे अंतरराष्ट्रीय जलवायु सम्मेलन के कांफ्रेंस आफ पार्टीज (काप-26) में बोलते हुए पीएम मोदी ने कहा भारत समेत विकासशील देशों के किसानों के लिए होने वाली चुनौती का मुद्दा उठाया. उन्होंने भारत के जलवायु कार्रवाई एजेंडा के बारे में और इस क्षेत्र में उठाए गए श्रेष्ठ कदमों और उपलब्धियों को लेकर जानकारी दी. पीएम मोदी ने सम्मेलन में कहा कि वैश्विक क्लाइमेट डिबेट में अनुकूलन को उतना अधिक महत्व नहीं मिला है, जितना मिटिगेशन को. यह उन विकासशील देशों के साथ अन्याय है, जो जलवायु परिवर्तन से अधिक प्रभावित हैं.

तीर्थ पुरोहितों ने किया विरोध

भाजपा नेताओं को दिखाए काले झंडे

देहरादून, एजेंसियां. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दौरे से पहले केदारनाथ में उत्तराखंड के पूर्व मुख्यमंत्री त्रिवेंद्र सिंह रावत, प्रदेश के कैबिनेट मंत्री धनसिंह रावत और प्रदेश भाजपा अध्यक्ष मदन कौशिक को देवस्थानम बोर्ड को लेकर आंदोलनरत तीर्थ पुरोहितों के भारी विरोध का सामना करना पड़ा. त्रिवेंद्र सिंह को तीर्थ पुरोहितों ने मंदिर तक भी नहीं पहुंचने दिया और उन्हें बाबा के दर्शन किए बिना ही उल्टे पांव लौटना पड़ा. तीनों नेता शुक्रवार को प्रस्तावित प्रधानमंत्री के दौरे की व्यवस्था देखने केदारनाथ पहुंचे थे. पूर्व मुख्यमंत्री के केदारनाथ पहुंचने पर हेलीपैड से मंदिर के रास्ते में तीर्थ पुरोहितों ने उन्हें काले झंडे दिखाए.

कल केदारनाथ कूच करेंगे

देवस्थानम बोर्ड को लेकर तीर्थपुरोहितों का गुस्सा कम होता नजर नहीं आ रहा है. तीर्थपुरोहितों का कहना है कि उनकी एकमात्र मांग देवस्थानम बोर्ड भंग करने की है. ऐसा नहीं होता है तो आर-पार की लड़ाई इसी तरह लड़ी जाएगी. देवस्थानम बोर्ड को भंग करने की मांग को लेकर तीर्थ-पुरोहितों व हक-हकूकधारियों ने तीन नवंबर को केदारनाथ कूच करने का ऐलान किया है. केदारसभा के अध्यक्ष विनोद शुक्ला ने बताया कि तीर्थपुरोहित अब हर कदम उठाने को मजबूर हैं. त्रिवेंद्र रावत का विरोध भी इसी की कड़ी है.

फिर किया BJP पर हमला

कांग्रेस में शामिल होंगे वरुण...?

दिल्ली, नवभारत ब्यूरो. पूर्व केंद्रीय मंत्री मेनका गांधी और संजय गांधी के पुत्र व भाजपा सांसद वरुण गांधी का कांग्रेस में जाना तय लग रहा है. कांग्रेस गांधी के स्वागत के लिए जहां तैयार है, वहीं भाजपा को वरूण की परवाह नहीं है. बीते कई महीनों से किसान आंदोलन को लेकर उत्तर प्रदेश की योगी आदित्यनाथ सरकार पर टिप्पणियां करते रहे वरुण गांधी ने सोमवार को भी ट्वीट कर कहा 'लखीमपुर और पीलीभीत की सीमा पर किसानों के बीच फसलों की बढ़ती लागत, उचित कीमत या एमएसपी ना मिलना, देश में कमरतोड़ महंगाई जैसे मुद्दों पर चर्चा हुई. जनता की पीड़ा को समझने के लिए बोलने से ज्यादा उनकी बात सुनना जरूरी है'. वरुण लगातार कृषि कानूनों के खिलाफ आंदोलन कर रहे किसानों की मांगों का समर्थन करते रहे हैं. बीते एक माह में उन्होंने दर्जनों ट्वीट कर सरकार पर टिप्पणियां की हैं.

...तो सांसद पद से इस्तीफा दे दें : भाजपा नेता

- वहीं दूसरी ओर भाजपा के एक नेता ने अपना नाम सार्वजनिक न करने की शर्त पर कहा कि मां-बेटे की अपनी कोई जमीन नहीं है. मेनका गांधी को सांसद और केंद्र में मंत्री भाजपा ने बनाया था.
- अब उनके बेटे को पार्टी ढो रही है. वरुण गांधी के बदले रुख पर उन्होंने कहा कि कि वह पार्टी में रहकर अनर्गल बयानबाजी कर रहे हैं उन्हें इतना ही नापसंद है तो उन्हें सांसद पद से इस्तीफा दे देना चाहिए.
- इस बाबत कांग्रेस के एक नेता ने कहा 'वरुण के बोल उनका तौर तरीका कांग्रेस की सोच से मेल खाता है और पार्टी का शीर्ष नेतृत्व उनको शामिल करने पर विचार कर रहा है'. ज्ञात हो कि मेनका गांधी की वजह से गांधी परिवार में फूट पड़ी थी और वरुण के कांग्रेस में आने की सबसे बड़ी बाधा वह रही हैं, लेकिन इसके बावजूद कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी ने हमेशा वरुण के साथ संवाद बनाए रखा और रक्षाबंधन पर वह राखी बांधने जाती रही हैं.
- कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी के साथ भी वरुण के अच्छे रिश्ते रहे हैं. कांग्रेस नेता के अनुसार वरुण का पार्टी में आना शीर्ष स्तर पर तय होना है. वैसे भी कांग्रेस यूपी में अपने पांव जमा रही है और वरुण के विधानसभा चुनाव से पहले पार्टी में शामिल होने से काफी ताकत मिलेगी.

नंदुरबार में 118 बच्चों की मौत

नंदुरबार. राज्य में बाल मृत्यु दर को रोकने के लिए कई घोषणाएं की जा रही हैं. हजारों करोड़ रुपये खर्च किए जा रहे हैं लेकिन क्या ये योजनाएं सुदूर आदिवासी इलाकों तक पहुंचती हैं? क्या इस क्षेत्र में स्वास्थ्य प्रणालियां उतनी ही सक्षम हैं जितनी उन्हें होनी चाहिए. क्योंकि नंदुरबार जिले में एक महीने में एक-दो नहीं बल्कि 118 बच्चों की मौत हो चुकी है. औसतन हर दिन 4 बच्चों की मौत होती है. नंदुरबार जिले में सितंबर में शून्य से छह साल की उम्र के 118 बच्चों की मौत हुई. सितंबर में 12 परियोजनाओं में 2,992 बच्चों का जन्म हुआ. इसमें जीरो से छह साल के118 बच्चों की जान गई. इसमें जीरो से 28 दिन की उम्र के बीच 35 शिशुओं, एक महीने और एक साल की उम्र के बीच 38 शिशुओं और एक से पांच साल की उम्र के बीच 20 बच्चों की मौत हुई.

स्वागत

चेन्नई मे स्कूल खुलने पर छात्रों का स्वागत करती हुईं शिक्षिकाएं.

मोदी का केदारनाथ दौरा

कांग्रेस दिलाएगी उन्हें वादों की याद

मोदी की केदारनाथ यात्रा के दौरान आगामी 5 नवंबर को कांग्रेस प्रदेशभर में सभी जिलों में 12-12 शिवालयों में गंगाजल से जलाभिषेक एवं भजन-कीर्तन का आयोजन करेगी. ऐसा करके कांग्रेस पीएम मोदी को वर्ष 2019 में उनकी केदारनाथ यात्रा के दौरान धाम में किए जाने वाले पुनर्निर्माण कार्यों से संबंधित उनके किए वादों की याद दिलाना चाहती है. प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष गणेश गोदियाल ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वर्ष 2019 में अपने केदारनाथ दौरे के दौरान कई वादे किए थे, लेकिन भाजपा सरकार के विगत पांच वर्ष के कार्यकाल में केदारनाथ धाम में सारे निर्माण कार्य अवरुद्ध हो गए हैं. अब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एक बार फिर पांच नवंबर को केदारपुरी आ रहे हैं. इसलिए उनके वादों को याद दिलाने के लिए इस कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है. इस कार्यक्रम में कांग्रेस से वरिष्ठ नेता, कार्यकर्ता, पार्टी के सभी पदाधिकारी, अनुषांगिक संगठनों, विभागों एवं प्रकोष्ठों के अध्यक्ष आदि सभी भागीदारी करेंगे. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 5 नवंबर को केदारनाथ दौरे को लेकर अखाड़ों का ब्योरा जुटाया जा रहा है.

दयाल का इस्तीफा

सिद्धू की जिद पूरी

चंडीगढ़, एजेंसियां. पंजाब में एजी एपीएस दयोल नियुक्ति के साथ ही विवादों में आ गए थे. उनकी नियुक्ति पर सबसे अधिक विरोध कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष नवजोत सिंह सिद्धू ने ही किया था. सोमवार को उनके इस्तीफे के साथ ही विवाद का पटाक्षेप होता दिख रहा है. साथ ही, यह भी साफ हो गया है कि कांग्रेस व चन्नी सरकार ने सिद्धू की मांग को मान लिया है. चन्नी सरकार की ओर से पूर्व एजी दयोल की नियुक्ति के बाद सिद्धू खासे नाराज हो गए थे. उन्होंने कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष पद से इस्तीफा दे दिया था. दरअसल, एडवोकेट दयोल ने बेअदबी मामले के खिलाफ कोर्ट में पैरवी की थी. पूर्व डीजीपी सुमेध सिंह का भी केस उन्होंने ही लड़ा था. इन मामलों को लेकर सिद्धू की नाराजगी बढ़ी हुई थी.

CDS बिपिन रावत ने चेताया

चौकन्ने रहें सशस्त्र बल

दिल्ली, एजेंसियां. प्रमुख रक्षा अध्यक्ष (सीडीएस) विपिन रावत ने कहा कि चीन और पाकिस्तान की क्षेत्रीय महत्वाकांक्षाओं को देखते हुए भारत के सशस्त्र बलों को हमेशा चौकन्ना रहना होगा और विवादित सीमाओं तथा तटीय क्षेत्रों में तैनाती वर्ष भर रखनी होगी. सीडीएस ने 'आल इंडिया रेडियो' में सरदार पटेल स्मृति व्याख्यान में कहा कि सरदार पटेल एक उत्कृष्ट दूरदर्शी थे, जिन्होंने भारत और चीन के बीच एक 'बफर देश' (एक ऐसा छोटा देश जो दो दुश्मन देशों के बीच स्थित होता है और क्षेत्रीय संघर्ष को रोकता है) के रूप में एक स्वतंत्र तिब्बत की आवश्यकता पर जोर दिया था.

सशस्त्र बलों की उपेक्षा पड़ती है भारी

- इसे तत्कालीन प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू के साथ उनके पत्राचार में देखा जा सकता है. रावत ने कहा कि इतिहास इस बात का गवाह है कि जब भी कोई देश अपने सशस्त्र बलों की उपेक्षा करता है, तो बाहरी ताकतें उसका तेजी से शोषण करती हैं.
- 1950 के दशक में, भारत ने इतिहास के इस महत्वपूर्ण सबक की अनदेखी की और सुरक्षा तंत्र गोते लगाने लगा और तभी 1962 में चीन ने देश को हिला कर रख दिया.
- चीन और पाकिस्तान की क्षेत्रीय महत्वाकांक्षाओं के मद्देनजर भारतीय सशस्त्र बलों को सतर्क रहने और विवादित सीमाओं और तटीय क्षेत्रों में साल भर तैनात रहने की आवश्यकता है.

SBI के पूर्व अध्यक्ष को 14 दिन की न्यायिक हिरासत

जैसलमेर, (ए). धोखाधड़ी के जरिये एक होटल को बेचने के आरोप में गिरफ्तार भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) के पूर्व अध्यक्ष प्रतीप चौधरी को स्थानीय अदालत ने सोमवार को न्यायिक हिरासत में भेज दिया. चौधरी को सोमवार को मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट के सामने पेश किया गया जहां उन्होंने जमानत याचिका को खारिज करते हुए आरोपी को 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेज दिया. जैसलमेर सदर थानाधिकारी करण सिंह ने बताया, 'हमने एसबीआई के पूर्व अध्यक्ष प्रतीप चौधरी को अदालत में पेश किया जिसने उन्हें न्यायिक हिरासत में भेज दिया.' चौधरी के खिलाफ 2015 में ऋण निपटान मामले में एक प्रमुख होटल संपत्ति को जब्त करने और धोखाधड़ी के माध्यम से उसे औने पौने दाम में बेचने का मामला दर्ज किया गया था.

बंगाल में पटाखों को मंजूरी

दिल्ली, एजेंसियां. उच्चतम न्यायालय ने सोमवार को कहा कि पटाखों पर पूरी तरह से प्रतिबंध नहीं लगाया जा सकता और उसके दुरुपयोग को रोकने के तंत्र को मजबूत करना होगा. शीर्ष न्यायालय ने कोविड-19 महामारी के बीच वायु प्रदूषण को रोकने के लिए काली पूजा, दिवाली और साल के कुछ अन्य त्योहारों के दौरान पटाखों पर प्रतिबंध लगाने के कलकत्ता उच्च न्यायालय के आदेश को रद्द करते हुए यह कहा. न्यायमूर्ति ए एम खानविलकर और न्यायमूर्ति अजय रस्तोगी की विशेष पीठ ने पश्चिम बंगाल सरकार से यह भी कहा कि प्रवेश स्थान पर ही प्रतिबंधित पटाखों और उससे संबंधित सामग्री का राज्य में आयात नहीं होने देने को सुनिश्चित करने की संभावना तलाशी जाए. पीठ ने कहा, 'पटाखों पर पूर्ण प्रतिबंध नहीं लगाया जा सकता.निगरानी के लिए तंत्र को मजबूत किया जाए और दुरुपयोग रोकने पर गौर किया जाए.'

सुको का फैसला

न्यायालय ने कहा कि यह कोई नया मुद्दा नहीं है और शासन को इस मुद्दे पर निर्णय लेना होगा. उच्च न्यायालय के आदेश को रद्द करते हुए उच्चतम न्यायालय ने किसी भी पक्ष को पर्याप्त सामग्री के साथ उच्च न्यायालय का रुख करने की छूट दी.

शीर्ष न्यायालय ने कहा, 'इस समय हम 29 अक्टूबर 2021 के उच्चतम न्यायालय के आदेश में दर्ज रुख को सिर्फ दोहरा सकते है. साथ ही, पश्चिम बंगाल को यह सुनिश्चित करने की संभावना तलाशनी होगी कि प्रतिबंधित सामग्री का (राज्य में) आयात नहीं हो. तंत्र को मजबूत करना होगा.'

याचिकाओं पर सुनवाई

पीठ, दिवाली के अवकाश के दौरान इस मामले पर सुनवाई के लिए बैठी. वह उच्च न्यायालय के 29 अक्टूबर के उस आदेश के खिलाफ याचिकाओं पर सुनवाई कर रही थी, जिसमें उसने राज्य में सभी तरह के पटाखों की बिक्री, इस्तेमाल और खरीद पर प्रतिबंध लगा दिया था. उच्च न्यायालय ने कहा था, 'राज्य यह सुनिश्चित करे कि इस साल काली पूजा, दिवाली, छठ पूजा, जगद्धात्री पूजा, गुरु नानक जयंती और क्रिसमस तथा नववर्ष की पूर्व संध्या के दौरान किसी भी तरह के पटाखों का इस्तेमाल नहीं किया जाए.' उसने कहा था कि इन अवसरों पर केवल मोम या तेल के दीयों का ही इस्तेमाल किया जा सकता है.

हरियाणा सरकार का फैसला

250 कैदियों की सजा माफ

चंडीगढ़, (ए). हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर ने सोमवार को 250 कैदियों की जेल की सज़ा माफ करने और गांवों में कल्याणकारी योजनाओं के कार्यान्वयन की निगरानी योजना की घोषणा की. मुख्यमंत्री ने यह घोषणा हरियाणा दिवस के मौके पर की. 1966 में एक नवंबर को ही हरियाणा अस्तित्व में आया था. खट्टर ने पत्रकारों से कहा कि संगीन अपराधों के लिए दोषियों को छोड़कर, अन्य सामान्य अपराधों के लिए दोषी ठहराए गए कैदी जिनकी जेल की शेष अवधि छह महीने से कम है, उनकी बाकी सज़ा को माफ कर दिया जाएगा, चाहे वे जेल में हों या पैरोल पर. उन्होंने कहा कि संगीन जुर्म में हत्या, बलात्कार, तेज़ाब हमला और मानव तस्करी आती है. मुख्यमंत्री ने कहा कि कैदियों की रिहाई दो नवंबर से शुरू होगी.

अलर्ट आतंकी संगठन लश्कर-ए-तैयबा ने दी धमकी

धार्मिक स्थलों को उड़ा देंगे

हापुड़, एजेंसियां. प्रमुख रेलवे स्टेशनों और धार्मिक स्थलों को बम से उड़ाने की धमकी भरा पत्र मिलने के बाद जिले की पुलिस भी हाई अलर्ट पर आ गई. हापुड़ स्टेशन अधीक्षक को डाक द्वारा आतंकी संगठन लश्कर-ए-तैयबा के नाम से यह पत्र प्राप्त हुआ था. पत्र मिलने के बाद रेलवे स्टेशन की सुरक्षा व्यवस्था चाक-चौबंद कर दी गई है. हापुड़ रेलवे स्टेशन पर पुलिस, आरपीएफ और जीआरपी ने सघन चेकिंग अभियान चलाया. डॉग स्क्वायड भी मौजूद रहा. स्टेशन अधीक्षक अजब सिंह को डाक के माध्यम से एक पत्र प्राप्त हुआ. पत्र को खोलकर देखा तो उनके होश उड़ गए.

अज्ञात कमांडर के नाम से लिखे गए पत्र

आतंकी संगठन लश्कर-ए-तैयबा के अज्ञात कमांडर के नाम से लिखे गए पत्र में हापुड़ समेत खुर्जा, फिरोजाबाद समेत करीब आधा दर्जन रेलवे स्टेशन को बम से उड़ाने की धमकी दी गई थी. कुछ धार्मिक स्थलों को भी बम से उड़ाने की धमकी दी गई है. स्टेशन अधीक्षक ने आनन-फानन में इस पत्र की सूचना एसपी हापुड़ सहित रेलवे हेडक्वार्टर, आरपीएफ, जीआरपी को दी. पुलिस अधीक्षक दीपक भूकर ने स्टेशन की सुरक्षा व्यवस्था कड़ी करने के निर्देश दिए हैं. जिले की पुलिस को अलर्ट कर दिया गया है.

सामान और वाहनों की जांच जारी

पुलिस ने आरपीएफ और जीआरपी के साथ स्टेशन पर संदिग्ध लोगों, सामान और वाहनों की चेकिंग अभियान चलाया. एएसपी सर्वेश कुमार मिश्रा और सीओ वैभव पांडेय के अलावा रेलवे पुलिस बल (आरपीएफ) कमांडर नरेंद्र कुमार और जीआरपी प्रभारी नीरज त्यागी मौजूद रहे.

> स्टेशन पर धमकी भरा पत्र प्राप्त हुआ है, इसे गंभीरता से लिया जा रहा है. हालांकि यह किसी शरारती तत्व की हरकत लग रही है. मामले की जांच शुरू कर दी गई है. - **एसपी दीपक भूकर**

बैंक ऑफ़ इंडिया
Bank of India BOI

प्रधान कार्यालय, सूचना एवं प्रौद्योगिकी विभाग, स्टार हाउस 2, 8वीं मंज़िल, सी-4,जी-ब्लॉक, बांद्रा-कुर्ला संकुल, बांद्रा (पू.), मुंबई-400 051. ई-मेल: Headoffice.it@bankofindia.co.in

प्रस्ताव के लिए अनुरोध
सह-होस्टिंग मॉडल में डीसी साइट के लिए सेवा प्रदाता के चयन के लिए

शीर्षांकित आर.एफ.पी. बैंक की कॉरपोरेट वेबसाइट www.bankofindia.co.in के अंतर्गत ''टेन्डर'' अनुभाग में 02.11.2021 से उपलब्ध है।
बाद में यदि कोई परिवर्तन होता है तो उसे बैंक की वेबसाइट पर ही अपलोड किया जायेगा।
प्रस्ताव प्रस्तुत करने की अंतिम तारीख : 26.11.2021

पश्चिम रेलवे

ई-नीलामी बिक्री कार्यक्रम हेतु शुद्धिपत्र
सामग्री प्रबंधन विभाग

डीएचडी, बीआरसी, एसबीआई और पीआरटीएन डिपो/मंडल में नवंबर-2021 के महीने में आयोजन हेतु निर्धारित ई-नीलामी बिक्री कार्यक्रम को निम्नलिखित अनुसार पुनर्निर्धारित किया गया है –

डिपो/मंडल	से	तक
डीएचडी	08.11.2021	16.11.2021
डीएचडी	22.11.2021	30.11.2021
बीआरसी	10.11.2021	17.11.2021
बीआरसी	29.11.2021	30.11.2021
पीआरटीएन	13.11.2021	15.11.2021
पीआरटीएन	27.11.2021	29.11.2021
एसबीआई	11.11.2021	13.11.2021

अन्य सभी नियम एवं शर्तें यथावत रहेंगी. अधिक जानकारी के लिये कृपया सामग्री प्रबंधन विभाग की पश्चिम रेलवे वेबसाइट अर्थात www.wr.indianrailways.gov.in के साथ ही साथ www.ireps.gov.in ई-नीलामी पोर्टल का अवलोकन करें.

क्र. एसIII/ नीलामी कार्यक्रम - 2/नवंबर -2021, दिनांक : 30.10.2021
डी-0525 पीसीएमएम हेतु उप सीएमएम /बिक्री

हमें लाइक करें: facebook.com/WesternRly | हमें फॉलो करें: twitter.com/WesternRly

बृहन्मुंबई महानगरपालिका

क्र. मु. अभि./भ. अनु./014187/II दि. 29.10.2021

लघु निविदा सूचना

विभाग	मु. अभि. (भवन अनुरक्षण)
उप-विभाग	उप मु. अभि. (भवन अनुरक्षण) उपनगर
निविदा क्र.	7200015766
विषय	टी वार्ड में ईस्टर्न एक्सप्रेसवे पर मुलुंड ऑक्ट्राय नाका बिल्डिंग में निर्वाचन कार्यालय की मरम्मत (बोली क्र. 7200015766)
निविदा बिक्री	02.11.2021 को 11.00 बजे से 12.11.2021 को 12.00 बजे तक
वेबसाइट	http://portal.mcgm.gov.in
संपर्क व्यक्ति	सब इंजीनियर - (भ. अनु.) पूर्वी उप.
नाम	देविकर एम. पी.
टेलीफोन नं.	9930418808
ईमेल-आईडी	Se04es.bm@mcgm.gov.in

हस्ता./-
पीआरओ/1440/विज्ञा./2021-22 उप मु. अभि. (भ. अनु.) उपनगर

अपनी मर्जी से दवाईयां हरगिज ना लें.

SBI
भारतीय स्टेट बैंक
कॉरपोरेट सेंटर, स्टेट बैंक भवन, मादाम कामा रोड, मुंबई - 400021
सूचना

शेयरधारकों का ध्यान इस ओर आकर्षित किया जाता है कि एसबीआई के शेयर का अंकित मूल्य रु. 10 से विभक्त करके रु. 1 करने की प्रक्रिया में बैंक द्वारा जारी शेयर प्रमाण-पत्र, जिनका अंकित मूल्य रु. 10 है, दिनांक 22 नवंबर 2014 से प्रभावी होकर अमान्य हो जाएँगे. इस संबंध में दिनांक 05.11.2014 को भारत के राजपत्र में एक अधिसूचना प्रकाशित की गई थी. तदनुसार, सभी उद्देश्यों से, इस सूचना में दिए गए शेयरों के विवरण रु. 1 अंकित मूल्य के शेयर प्रमाण-पत्रों के हैं. एतद् द्वारा सूचना दी जाती है कि बैंक की निम्न उल्लेखित प्रतिभूतियों के लिए शेयर/बॉण्ड प्रमाण-पत्र पंजीकृत धारक/धारकों से उक्त शेयर/बॉण्ड की नियत अवधि में उपयुक्त रूप से पूर्णकृत अंतरण अनुबंध(धों) के साथ/बिना गुम/खो गए हैं और उन्होंने बैंक को उनके नाम से डुप्लिकेट शेयर/बॉण्ड प्रमाण-पत्र जारी करने हेतु आवेदन किया है. कोई भी व्यक्ति जिसका उक्त शेयर/बॉण्ड के संबंध में कोई दावा है, उसे ऐसा कोई भी दावा बैंक के अंतरण अभिकर्ता, मे. एलेंकिट असाइनमेंट्स लिमिटेड, 205-208, अनारकली कॉम्प्लैक्स, झंडेवालाँ एक्सटेंशन, नई दिल्ली - 110055, (ई-मेल आईडी: sbi.igr@alankit.com) पर इस तिथि से 7 दिनों के भीतर के पास दर्ज करवाना चाहिए, अन्यथा, बैंक द्वारा किसी भी आगामी सूचना के बिना, डुप्लिकेट शेयर बॉण्ड प्रमाण-पत्र जारी करने की प्रक्रिया आगे बढ़ा दी जाएगी.

भारतीय स्टेट बैंक

क्र. सं.	फोलियो सं.	धारक(कों) का नाम	शेयरों की संख्या	प्रमाणपत्र संख्या		विशिष्ट संख्या	
				से	तक	से	तक
1	02097253	कृष्ण राजेश रमण	500	172081	172081	7432965861	7432966360
2	03186232	संध्या चौरसिया	690	215622	215623	7455283061	7455283750
3	01869796	देवराम गोगोई	500	159404	159404	7426447661	7426448160
4	07506110	आर के खन्ना बीना खन्ना	140	6306172	6306172	8059192165	8059192304
5	07419105	जॉनसन मैथ्यू	132	6219396	6219396	8014640606	8014640737
6	02555099	मदुरी सूर्यनारायण सर्मा	500	200329	200329	7447476431	7447476930
7	07413151	हिंदुस्तान फर्नेस (प्रा.) लिमिटेड	1056	6213637	6213637	8013471903	8013472958
8	00817747	लक्ष्मण चरण माझी	530	69675	69676	7390151011	7390151540
9	01903837	विद्या भूषण मिश्रा सुधा मिश्रा	500	162639	162639	7428097601	7428098100
10	00811192	संजय कुमार सिंह अनिमा सिंह	530	67044	67045	7389501401	7389501930
11	00873753	जाली गामा कृष्ण जालिगामा विजय: जालिगामा विनय कुमार	30	90087	90087	7395242271	7395242300
12	01627013	अब्दुल गफूर अब्दुल हमीद	500	145611	145611	7419444201	7419444700
13	07508544	रमेश चंद्र गौर	140	6308606	6308606	8059723121	8059723260
14	07404639	कुंजुमोन डेनियल	110	6205333	6205333	8010770112	8010770221
15	00805677	सुरेश प्रसाद रीता देवी	530	64455	64456	7388831721	7388832250
16	02275863	श्री गजानन राजाराम तेली सुजाता गजानन तेली	600	187564	187564	7440938791	7440939390
17	02275864	श्रीमती सुजाता गजानन तेली / गजानन राजाराम तेली	600	187565	187565	7440939391	7440939990
18	01662145	श्रीमती छाया दत्तात्रेय सुर्वे दत्तात्रेय संभाजी सुर्वे	500	149592	149592	7421458531	7421459030

उपरोक्त आँकड़े स्टॉक विभक्ति के परिणामस्वरूप रु. 1/- के अंकित मूल्य के वर्तमान शेयरों के विवरण प्रस्तुत करते हैं (रिकॉर्ड दिनांक 21.11.2014).

स्थान: मुंबई
दिनांक: 01.11.2021
शेयरों की संख्या: 8088
प्रमाण पत्रों की संख्या: 22
महाप्रबंधक
(शेयर एवं बांड)

स्वत्वाधिकारी रामगोपाल इन्वेस्टमेंट्स प्रा. लि. हेतु लेसी, नवभारत प्रेस लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक विनोद माहेश्वरी द्वारा नवभारत भवन, प्लॉट नं. 13, सेक्टर-8, सानपाड़ा (पूर्व), नवी मुंबई- 400 705 से मुद्रित तथा 189-ए, आनंद कॉम्पलेक्स, एस.जी. मार्ग, चिंचपोकली, मुंबई - 400 011 से प्रकाशित. एडिटर इन चीफ- विनोद माहेश्वरी, प्रबंध सम्पादक- निमिष माहेश्वरी. वर्ष 25 अंक 22 RNI Reg. No. 66960/97 To post without prepayment Regr. No. 29, Licence No. 6. मुंबई ■ फोन : 022-49642309 फोन : 27756117/ 27756119 दिल्ली : 011- 233 54 237/8. ■ E-Mail-mumbainbp@gmail.com (गोवा के लिए एयर सरचार्ज-1 रुपए).